प्रेस सूचना कार्यालय

गृह मंत्रालय

*****

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मेघालय में वेस्ट गारो हिल्स में बाढ़ की वजह से जनजीवन के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया

केंद्रीय गृह मंत्री ने मेघालय के मुख्यमंत्री श्री कोनरड संगमा से बात कर उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया

"इस संकट के समय में पूरा देश मेघालय के लोगों के साथ खड़ा है": श्री अमित शाह

नई दिल्ली, 21.07.2020

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मेघालय में वेस्ट गारो हिल्स में बाढ़ की वजह से जनजीवन के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक ट्वीट में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उन्होने मेघालय के मुख्यमंत्री श्री कोनरड संगमा से बात कर उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

श्री अमित शाह ने कहा कि इस संकट के समय में पूरा देश मेघालय के लोगों के साथ खड़ा है।

https://twitter.com/AmitShah/status/1285477887810781184?s=20

***

एनडब्लू/आरके/पीके/एडी/डीडी